बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 01 नवम्बर, 2025

### बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025–एल०ई०डी० वीडियो वैन के माध्यम से मतदाता जागरूकता

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन– 2025 के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार श्री विनोद सिंह गुंजियाल ने एल०ई०डी० वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमित कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रशांत कुमार सी०एच०, विशेष कार्य पदाधिकारी श्रीप्रकाश, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रत्नांबर निलय, स्टेट मीडिया नोडल पदाधिकारी श्री कपिल शर्मा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री दिव्यांशी श्रीवास्तव एवं विभाग के जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार रंजन भी उपस्थित थे।

उक्त मोबाईल एल०ई०डी० वीडियो वैन राज्य के उन 18 जिलों में भ्रमण करेगा जहां प्रथम चरण में दिनांक 06.11.2025 (गुरूवार) को मतदान निर्धारित है। एल०ई०डी० वीडियो वैन में निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी पर आधारित वीडियो चलाये जायेंगे जो विभाग के द्वारा मतदाताओं के मध्य जागरुकता के लिए तैयार किये गये हैं। मतदान की प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत् मोबाईल एल०ई०डी० वीडियो वैन के माध्यम से प्रथम चरण से संबंधित प्रत्येक जिला में दिनांक 01.11.2025 से 04.11.2025 तक की अवधि में कुल 04 (चार) दिवस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संपादन जिला स्तरीय स्वीप नोडल पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में कराया जाना है। इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित जिलों के विशेषकर कम मतदान प्रतिशत (Low VTR) वाले विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं मतदान केन्द्रों को चिन्हित करते हुये रूट मैप तैयार कर वीडियों वैन का परिचालन कराया जाना है।

****************